Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding cleaning of Satpur reservoir.

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका अभिनन्दन करता हूं और स्वागत करता हूं, क्योंकि आपने मुझे मेरे क्षेत्र के लोकहित के मुद्दे पर बोलने का अवसर प्रदान किया ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से अत्यंत महत्वपूर्ण लोकहित के मुद्दे पर केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत जी और सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र के सतपुड़ा ताप विद्‌युत गृह सारनी, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश में सतपुड़ा जलाशय स्थित है । तवा नदी पर जो बांध है, वह तीन हजार एकड़ में निर्मित है । इस जलाशय से 1300 मेगावाट बिजली उत्पादन कर, उसका संचालन होता है । पचास हजार की आबादी वाली कॉलोनियों के अलावा, इस शहर में लगभग एक लाख की आबादी रहती है । वहां इस डैम से पेयजल की आपूर्ति होती है तथा 300 मछुआरे परिवारों के आजीविका भी इसी पर निर्भर है । भूजल स्तर को बनाए रखने में इस जलाशय की बड़ी उत्कृष्ट भूमिका है । पिछले कुछ वर्षों से एक विशेष प्रकार की जलीय खरपतवार सलविनीया मोलेस्टा ने पूरे डैम को ढक रखा है, जिससे यहां का जनजीवन खतरे में पड़ गया है । इस जलाशय का अधिपत्य रखने वाली पावर जनरेटिंग कंपनी बजट के अभाव में जलाशय की सफाई में असमर्थता व्यक्त कर रही है ।

मैं आपके माध्यम से इस क्षेत्र की एकमात्र बड़ी जल सरंचना सतपुड़ा जलाशय को जलीय खरपतवार से मुक्त कर सम्पूर्ण जलाशय की सफाई हेतु माननीय जलशक्ति मंत्री श्री शेखावत जी से विनम्र अनुरोध करता हूं तथा मार्गदर्शन और सहयोग का सहृदय आग्रह करता हूं । आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आभार । जय हिन्द, जय भारत ।